का आरोप है।अंकित हत्याकांड के मुख्य आरोपी 25 हजार के इनामी निखिल चौधरी को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने घायल हत्यारोपी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। कुंदरकी थाना क्षेत्र के खिताबपुर उर्फ खनूपुरा में रविवार की सुबह मुकदमेबाजी की रंजिश में मजदूर अंकित की गर्दन में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।अंकित के अलावा गांव के आशीष चौधरी को भी गोली मारी गई थी। जिसके सिर में गोली लगी थी। आशीष का इलाज चल रहा है। अंकित के भाई मोनू कुमार ने गांव के ही निखिल चौधरी और उसके भाई विशाल चौधरी और चाचा रामवीर सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।पुलिस टीमें हत्यारोपियों की तलाश में जुटीं थी। सोमवार की देर शाम पुलिस को सूचना मिली कि हत्यारोपी निखिल बाइक से हाथीपुर चिड़ियाठेर संपर्क मार्ग से होकर जा रहा है। तभी पुलिस ने उसे घेरने का प्रयास किया तो पुलिस टीम पर उसने फायरिंग कर दी। जिसमें पुलिस टीम ने बचाव करते हुए जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ में निखिल के पैर में गोली लगी और घायल होकर गिर गया। पुलिस उसे उपचार के लिए पहले सीएचसी लेकर पहुंची लेकिन प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर घायल को जिला अस्पताल को रेफर कर दिया गया। पुलिस ने हत्यारोपी से अवैध असलहे को भी बरामद कर लिया। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि आरोपी निखिल की गिरफ्तारी पर 25 हजार की इनाम घोषित था। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुरक्षा के लिए दूसरे दिन भी पुलिस रही तैनात- कुंदरकी गोलीकांड पर मजदूर अंकित की मौत होने और आशीष के घायल होने की वारदात को लेकर पुलिस चौकसी बरतती रही। दूसरे दिन भी गांव में सुरक्षा और शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस तैनात रही। वहीं मृतक अंकित के परिजन सदमे से उबर नहीं पा रहे हैं और गम से बेहाल हैं, जिनको सगे संबंधी और रिश्तेदार ढांढस बंधा रहे हैं। गांव के कुछ गली कूचों से सन्नाटा पसरा नजर आया।

### रामपुर जिला कारागार में टांडा निवासी बंदी की मौत

मंगलवार सुबह रामपुर जिल कारागार में बंद टांडा निवासी 38 वर्षीय बंदी फैसल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। तबीयत खराब के चलते उसे मंगलवार सुबह ही जिला अस्पताल इमरजेंसी में लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया है।घटना की सूचना मिलते ही थाना गंज पुलिस और अन्य अधिकारी अस्पताल पहुंचे। मृतक के परिजनों को भी फोन कर बुलाया गया है। टांडा के मोहल्ला मस्जिद कोहना निवासी फैसल को 14 जून 2026 से जेल में बंद था। उसके भाई अर्शी ने बताया कि फैसल मेहनत-मजदूरी कर परिवार का खर्च चलाता था और नशे का आदी था। 13 जून को टांडा पुलिस उसे घर से ले गई थी और अगले दिन 14 जून को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया था। जेल अधीक्षक राजेश यादव ने बताया कि फैसल को थाना टांडा पुलिस ने आईपीसी की धारा 323 और 504 के मामले में 14 जून को जिला जेल में दाखिल कराया था।जेल में तबीयत खराब होने पर चिकित्सकों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा था। मंगलवार सुबह करीब छह बजे हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जेल अधीक्षक ने बताया कि मृतक नशे का आदी था। थाना प्रभारी टांडा संजय मिश्रा ने जानकारी दी कि वर्ष 2014 के एक मामूली मारपीट और कहासुनी के मामले में न्यायालय से फैसल के खिलाफ वारंट जारी था।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

**मो. 9027776991**

**RNI NO- UPBIL/2021/83001**

**इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।**

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## मटेरा में हनुमान जयंती की धूम: श्रीवास्तव नर्सिंग होम के पास विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल ने दीप प्रज्वलित कर किया विशाल भंडारे का शुभारंभ

क्यूँ न लिखूँ सच/ अमरीक सिंह/ बहराइच / जनपद के मटेरा कस्बा अंतर्गत श्रीवास्तव नर्सिंग होम एवं अल्ट्रासाउंड सेंटर के समीप मंगलवार को हनुमान जयंती का पावन पर्व बेहद आस्था, उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर भव्य धार्मिक अनुष्ठान और विशाल महाप्रसाद (भंडारा) वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं का भारी सैलाब उमड़ पड़ा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बलहा विधानसभा के लोकप्रिय विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल ने विधि-विधान से दीप प्रज्वलित कर भंडारे का विधिवत शुभारंभ किया।कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संकटमोचन भगवान हनुमान जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन, पूजा-अर्चना और भव्य आरती के साथ हुई। इस दौरान पूरा परिसर जय श्री राम और पवनपुत्र हनुमान की जय के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान हो उठा।इस अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए बलहा विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल ने हनुमान जयंती की बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम के परम भक्त हनुमान जी का जीवन हमें निःस्वार्थ सेवा, भक्ति और शक्ति की प्रेरणा देता है। उन्होंने बजरंगबली से बलहा



विधानसभा सहित पूरे क्षेत्र की सुख, समृद्धि, शांति और उत्तम



स्वास्थ्य की प्रार्थना की।दीप प्रज्वलन और आरती के तुरंत बाद विशाल भंडारे की शुरुआत हुई। श्रीवास्तव नर्सिंग होम और अल्ट्रासाउंड सेंटर के पास आयोजित इस कार्यक्रम में राहगीरों, स्थानीय दुकानदारों और दूर-दराज से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर बेहद श्रद्धाभाव से प्रभु का महाप्रसाद ग्रहण किया। भीषण गर्मी और धूप के बावजूद भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था।धार्मिक कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाने में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों और राजनीतिक पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस गरिमामयी अवसर पर मुख्य रूप से डब्बू अग्रवाल, प्रख्यात चिकित्सक डॉक्टर आकाश, अमरीक सिंह, और गुरचरण सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ ही भौखारा के ग्राम प्रधान सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य नागरिक, समाज सेवी और भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे, जिन्होंने व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने में अपना सराहनीय योगदान दिया।

## मिशन शक्ति-5 के अंतर्गत पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता को लेकर जनजागरूकता अभियान

क्यूँ न लिखूँ सच/ प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के कुशल निर्देशन में मिशन शक्ति फेजदृ5 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत महिलाओं एवं। बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने हेतु व्यापक जनजागरूकता अभियान सतत रूप से संचालित किया जा रहा है।



इसी क्रम में शक्ति मोबाइल टीम व समस्त थानो की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों तथा सार्वजनिक स्थलों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। चौपाल, संवाद एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा उपायों, कानूनी अधिकारों एवं सहायता सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा उन्हें शक्ति दीदी के रूप में निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं वदसपदम सेवाओं की जानकारी देते हुए न्छच्त्च ऐप एवं ब्ब्ज्छै प्रणाली के माध्यम से उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनका अधिकाधिक लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही जिले के समस्त थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र एवं साइबर हेल्प डेस्क के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए जागरूकता सामग्री वितरित की गई, जिससे महिलाओं को आवश्यकता पड़ने पर त्वरित एवं प्रभावी सहायता प्राप्त हो सके।

## बारिश में बिजली आपूर्ति बाधित होने पर घबराएं नहीं, 1912 पर करें संपर्क बिजली कंपनी ने उपभोक्ताओं से की सहयोग की अपील

क्यूँ न लिखूँ सच/ राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी- मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बारिश, आंधी और तूफान के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में उपभोक्ताओं से धैर्य बनाए रखने और बिजली कर्मचारियों का सहयोग करने की अपील की है। कंपनी ने कहा कि खराब मौसम में लाइनकर्मी अपनी जान जोखिम में डालकर बिजली आपूर्ति बहाल करने के कार्य में जुटे रहते हैं। कंपनी के अनुसार बारिश और तेज हवाओं के कारण इंसुलेटर क्षतिग्रस्त होने, तार टूटने या अन्य तकनीकी कारणों से फीडर बंद हो जाते हैं। ऐसे में कर्मचारियों को अंधेरे और प्रतिकूल मौसम में फॉल्ट तलाशकर सुधार कार्य करना पड़ता है, जिसमें समय लग सकता है। बिजली कंपनी ने नागरिकों को सलाह दी है कि घरों में एमसीबी स्विच और उचित अर्थिंग की व्यवस्था रखें तथा बिजली उपकरणों को नमी से बचाएं। किसानों और पशुपालकों से विशेष रूप से कहा गया है कि वे पशुओं को बिजली के खंभों या स्टे वायर से न बांधें और टूटे हुए बिजली तारों से दूर रहें। बिजली आपूर्ति बाधित होने पर उपभोक्ता 15 से 20 मिनट प्रतीक्षा करने के बाद कॉल सेंटर 1912 अथवा व्हाट्सएप चैटबॉट 0755-2551222 पर संपर्क कर सकते हैं। कंपनी ने कहा है कि सुरक्षा और जनहित को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## डॉ. शशांक शेखर मिश्रा ने सैनिक स्कूलों में प्रवेश एवं उनके महत्व पर दी महत्वपूर्ण जान कारी

क्यूँ न लिखूँ सच/ पवन कुमार / कोंच(जालौन)। जनपद जालौन की कोंच तहसील के निवासी डॉ. शशांक शेखर मिश्रा वर्तमान में सैनिक स्कूल मैनपुरी में अध्यापक के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। वे श्री के.के. मिश्रा सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य श्री अमरचंद्र माहेश्वरी इंटर कॉलेज कोंच के कनिष्ठ पुत्र हैं। उनके बड़े भाई डॉ. आशुतोष मिश्रा सूरज ज्ञान महा विद्यालय कोंच में प्रभारी प्राचार्य के पद पर कार्यरत हैं।डॉ. शशांक शेखर मिश्रा को यह विशिष्ट गौरव प्राप्त है कि वे सैनिक स्कूल संगठन के अंतर्गत देशभर में संचालित 33 सैनिक स्कूलों में जनपद जालौन से इकलौते शिक्षक हैं। शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित डॉ. मिश्रा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा राष्ट्र सेवा की भावना के संवर्धन हेतु निरंतर कार्य कर रहे हैं।
हाल ही में एक वार्ता के दौरान डॉ. मिश्रा ने सैनिक स्कूल संगठन की स्थापना के उद्देश्य, प्रवेश प्रक्रिया, सैनिक स्कूलों के महत्व तथा विद्या र्थियों के



लिए उपलब्ध भविष्य के अवसरों पर विस्तार से प्रकाश डाला।
उन्होंने बताया कि सैनिक स्कूलों की स्थापना देश के विभिन्न भागों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने तथा उन्हें भारतीय सशस्त्र सेनाओं में अधिकारी बनने के लिए प्रेरित एवं तैयार करने के उद्देश्य से की गई थी।
सैनिक स्कूल आज देश में अनुशासन नेतृत्व क्षमता और चरित्र निर्माण के उत्कृष्ट केंद्र के रूप में स्थापित हैं।प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में उन्होंने बताया कि सैनिक स्कूलों में मुख्य रूप से कक्षा 6 एवं कक्षा 9 में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जाता है। प्रवेश परीक्षा में सफल होने के पश्चात अभ्यर्थियों को चिकित्सा परीक्षण तथा अन्य निर्धारित प्रक्रियाओं से गुजरना होता है।
वर्तमान में बालक एवं बालिका दोनों सैनिक स्कूलों में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। यह पूरी प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी एवं योग्यता आधारित होती है।विद्यार्थियों के भविष्य के अवसरों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल केवल रक्षा सेवाओं के लिए ही नहीं बल्कि प्रशासन शिक्षा विज्ञान तकनीक तथा अन्य प्रतिष्ठित क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट करियर के अवसर प्रदान करते हैं।अंत में डॉ. शशांक शेखर मिश्रा ने कहा कि सैनिक स्कूल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन, नेतृत्व तथा राष्ट्रसेवा की भावना का अद्वितीय संगम हैं। विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को इन संस्थानों द्वारा प्रदान किए जाने वाले अवसरों का लाभ उठाकर देश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहभागी बनना चाहिए।

# सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के बारह वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित

क्यूँ न लिखूँ सच/ पवन कुमार / मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा की एमएलसी रमा आरपी निरंजन रहे मौजूद कोंच(जालौन) ।सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के बारह वर्ष पूर्ण होने पर कोंच विकास खंड के ग्राम पंचायत पचीपुरा कलां में एक रात्रि चौपाल कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी की एमएलसी श्रीमती निरंजन उपस्थित रहे इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पचीपुरा कलां के खंड विकास अधिकारी प्रशांत कुमार यादव भी मौजूद रहे निरंजन ने आंगनबाड़ियों के समक्ष गोद भराई एवं अन्नप्राशन का सीन अतिथियों का ग्राम प्रधान पचीपुरा कलां श्री मती रागिनी देवी चमरसेना देवेंद्र निरंजन देबू प्रधान गोरा करनपुर पुष्पेंद्र सिंह पटेल का माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया। खंड विकास अधिकारी एवं आर पी निरंजन को वुके भेंट कर उनका स्वागत सम्मान किया एवं योगी सरकार के द्वारा जनकल्याण कारी योजनाएं के बारे में जनसमूह से यह अपील की केंद्र की मोदी सरकार उत्तर प्रदेश की के लिए चलाई जा रही है उन सभी योजनाओं का लाभ आपको उत्तर प्रदेश में होने वाले विधान सभा चुनाव में पुनः भारतीय जनता अवसर पर आर पी निरंजन ने भी अपना सारगर्वित उद्बोधन दियासभी प्रशान्त कुमार यादव ने व्यक्त किया इस अवसर पर अतिथियों के हुए तकनीकी सहायक इंजीनियर राजीव कुमार रेजा ने भी ओं और उनके लाभ भी बतलाएं आयो जित संपूर्ण कार्य क्रम का कुमार रेजा ने किया संपूर्ण कार्यक्रम की व्यवस्था प्रधान प्रतिनिधि श्रीवास्तव एवं फूल सिंह के द्वार किया गया इस अवसर पर कल्याण देवेंद्र निरंजन सहित लगभग एक सैकड़ा ग्राम वासी






का आयोजन किया गया इस चौपाल कार्यक्रम में रमा निरंजन उनके प्रतिनिधि भाजपा नेता आरपी के बुजुर्ग जगमोहन ने की इस अवसर पर कोंच कार्यक्रम में सर्व प्रथम एमएलसी श्रीमती रमा कार्यक्रम का श्री गणेश किया कार्यक्रम में मचां उनके प्रधान प्रतिनिधि नंदकिशोर पटेल ग्राम प्रधान आदि ने श्रीमती रमा निरंजन एवं आर पी निरंजन कोंच प्रशांत कुमार यादव ने एमएलसी रमा निरंजन तत्पश्चात श्रीमती रमा निरंजन जी ने मोदी सरकार विस्तार से जानकारी दी एवं उन्होंने उपस्थित योगी सरकार के द्वारा जो योजनाएं आप लोगों मिले यही मेरा प्रयास है उन्होंने वर्ष 2027 में पार्टी की सरकार बनाने का आवाहन किया इस अतिथि यों का आभार खंड विकास अधिकारी आने के पूर्व विकास खंड कोंच से सेवा निर्वत उपस्थित ग्राम वासियों को शासन की योजना सफल एवं शानदार संचालन इंजीनियर राजीव शिक्षक नंद किशोर पटेल ने की सहयोग विक्की एडीओ पंचायत देवी शरण सोनी एडीओ समाज उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सशस्त्र सीमा बल 62 वी वाहिनी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच/ प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती जिला चिकित्सालय भिनगा में आयोजित रक्तदान शिविर में 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह तथा एसएसबी के उप कमांडेंट पीयूष सिन्हा उपस्थित रहे। इस अवसर पर अधिकारियों ने रक्तदान करने वाले एसएसबी जवानों की सराहना करते हुए उनके इस मानवीय एवं प्रेरणादायक कार्य की प्रशंसा की। अधिकारियों ने कहा कि एसएसबी के जवान सीमाओं की सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में भी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। रक्तदान कर जवानों ने मानव सेवा और जनकल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। सभी अधिकारियों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए आमजन से भी स्वेच्छा से रक्तदान करने की अपील की, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके।

### राप्ती बैराज से भिनगा सड़क गड्ढों में तब्दील

क्यूँ न लिखूँ सच/ प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती, जिला मुख्यालय को जमुनहा और नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र से जोड़ने वाला राप्ती बैराज भिनगा मार्ग लोगों के चलने लायक नहीं है। 32 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करने



वाली सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे हैं। सड़क के गड्ढों के कारण लोग सड़क छोड़ कर पगडंडी पर चलना अधिक पसंद करते हैं। सड़क पर चलने से वाहनों के टायर खराब हो जा रहे हैं। गड्ढों के कारण ई रिक्शा पलट जाते हैं। लेकिन इसी सड़क पर चलना मजबूरी है। भिनगा से जमुनहा क्षेत्र को सीधे जोड़ने के लिए राप्ती बैराज तक पक्की सड़क का निर्माण कराया गया था। इस सड़क के बनने से करीब सात दर्जन गांवों के साथ ही नेपाल जाने वाले लोगों और जमुनहा क्षेत्र के लोगों को जिला मुख्यालय पहुंचने में आसानी हो गई थी। लेकिन करीब एक दशक से यह सड़क टूटी पड़ी है। कुछ दिन तक चकती लगा कर सड़क की मरम्मत कराने का प्रयास किया गया। लेकिन सड़क की दशा दिन व दिन खराब होती गई।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में बदलाव, अंतिम प्रकाशन अब 27 जुलाई को दावे-आपत्तियां जमा करने की अंतिम तिथि 25 जून, आयोग ने जारी किए संशोधित निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच/ राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी । राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम में संशोधन किया है। नए कार्यक्रम के अनुसार अब प्रारूप मतदाता सूची पर दावे एवं आपत्तियां 25 जून 2026 तक स्वीकार की जाएंगी। राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि प्राप्त दावे-आपत्तियों का निराकरण 2 जुलाई तक किया जाएगा। इसके बाद फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन 27 जुलाई 2026 को निर्धारित स्थानों पर किया जाएगा। इससे पहले अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 18 जुलाई को प्रस्तावित था। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव दीपक सिंह ने सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को संशोधित कार्यक्रम के अनुरूप पुनरीक्षण कार्यवाही समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने मतदाताओं से अपील की है कि वे प्रारूप मतदाता सूची में अपना नाम एवं विवरण जांचकर समय सीमा के भीतर आवश्यक दावे या आपत्तियां प्रस्तुत करें।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

## कायमगंज में बड़ा हादसा टला: मैदा से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा, सुहेब बेकरी जा रहा था माल







क्यूँ न लिखूँ सच/श्याम जी कश्यप / फरूखाबाद उत्तर प्रदेश/ कायमगंज, फर्रुखाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लाल बाग हमीरपुर के पास एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। सुहेब बेकरी के लिए मैदा लेकर जा रहा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई मे पलट गया।

गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन ट्रक में लदा मैदा सड़क पर बिखर गया।जानकारी के मुताबिक ट्रक में मैदा लोड था और वह ग्राम लाल स्थित सुहेब बेकरी जा रहा था। जैसे ही ट्रक ग्राम लाल बाग के पास पहुंचा, ड्राइवर नियंत्रण खो बैठा और ट्रक सड़क किनारे पलट गया। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे द्बहादसे के वक्त ट्रक में ड्राइवर और कनेक्टर सवार थे स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन मंगाकर ट्रक को सीधा कराया

## नवाबगंज में चौकीदार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत: घर लौटते समय हादसा, रिफाइनरी फैक्ट्री में चौकीदार थे

क्यूँ न लिखूँ सच/श्याम जी कश्यप / फरूखाबाद उत्तर प्रदेश/ नवाबगंज थाना क्षेत्र के वेग गांव निवासी 45 वर्षीय अवनीश यादव उर्फ बबलू की मंगलवार सुबह सड़क हादसे में मौत हो गई। वह सादिकपुर स्थित एक रिफाइनरी फैक्ट्री में चौकीदार के पद पर कार्यरत थे। ड्यूटी पूरी कर साइकिल से घर लौटते समय फैक्ट्री के बाहर एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। फैक्ट्री से घर जाते समय अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर- जानकारी के अनुसार, अवनीश यादव सुबह करीब पांच बजे अपनी शिफ्ट समाप्त कर साइकिल से घर के लिए निकले थे। फैक्ट्री से बाहर निकलते ही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह साइकिल समेत करीब 15 मीटर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही ड्यूटी पर मौजूद दूसरे चौकीदार ने एम्बुलेंस और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे एसआई सत्य नारायण ने घायल अवनीश







को एम्बुलेंस की सहायता से सीएचसी बरौन पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी गांव कांधेमई के प्रधान रिंकू के माध्यम से परिजनों को दी गई। सूचना मिलते ही परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे। शव देखते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया और पूरे परिवार में मातम छा गया। परिजनों ने फैक्ट्री गेट पर शव रखकर किया हंगामा- मृत्यु की खबर के बाद परिजन शव को सीएचसी से लेकर फैक्ट्री पहुंचे और गेट पर शव रखकर हंगामा शुरू कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए, जिससे कुछ समय के लिए तनावपूर्ण स्थिति बन गई। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों से बातचीत कर उन्हें शांत कराने का प्रयास किया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों को भी अवगत कराया गया। बाद में जिला पंचायत सदस्य यशबीर सिंह, मदन मोहन चतुर्वेदी तथा राजेश कुमार द्विवेदी भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों और फैक्ट्री प्रबंधन से वार्ता के बाद परिजन शांत हुए। अधिकारियों ने पहुंचकर संभाला मोर्चा- मृतक के भाई सरनेश उर्फ रिंकू की सूचना पर पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश और मामले की जांच में जुटी हुई है। मृतक अवनीश यादव अपने पीछे बड़ा परिवार छोड़ गए हैं। परिवार में पिता मलिखान, मां स्वदेशी, भाई रजनीश और सरनेश उर्फ रिंकू, पत्नी रेखा देवी तथा चार पुत्र - आशीष, विकास, अभिषेक और ऋषभ हैं। हादसे के बाद पूरे परिवार में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## एसएसपी ने क्षेत्राधिकारी का स्थानान्तरण होने पर भावभीनी विदाई दी गई



क्यूँ न लिखूँ सच/ जनपद बदायूं एसएसपी अंकिता शर्मा तैनात क्षेत्राधिकारी बिल्सी श्री कृष्ण कुमार तिवारी के गैर जनपद 30वीं वाहिनी पीएसी,गोण्डा स्थानांतरण होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया इस अवसर पर अपर उत्कृष्ट कार्यों, कर्तव्यनिष्ठा एवं प्रशासनिक दक्षता की सराहना की गई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ द्वारा उनके उज्ज्वल भविष्य एवं नवीन कार्यस्थल पर सफलता की शुभकामनाएं प्रदान की गईं। साथ ही सभी अधिकारियों एवं कर्मचारीगण द्वारा उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं



पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ0 हृदेश कठेरिया व समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं जनपद के अन्य अधि0/कर्म0गण द्वारा श्री कृष्ण कुमार तिवारी को भावभीनी विदाई दी गयी तथा उनके कार्यकाल के दौरान किए गए सफल कार्यकाल की कामना करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक बदायूँ व अन्य अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने वेंडिंग जोन एवं मॉडल शॉप विकास हेतु विभिन्न स्थलों का किया स्थलीय निरीक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच/श्याम जी कश्यप / फरूखाबाद उत्तर प्रदेश/ जनपद में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने, स्ट्रीट वेंडरों को बेहतर एवं व्यवस्थित व्यापारिक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा शहरी सौंदर्यीकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने फतेहगढ़ एवं फर्रुखाबाद नगर क्षेत्र के विभिन्न प्रस्तावित स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर वेंडिंग जोन एवं मॉडल शॉप विकास की संभावनाओं का जायजा लिया॥ के दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम फतेहगढ़ स्थित कैंट क्षेत्र, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) कार्यालय एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय परिसर के आसपास का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि उक्त स्थल को सुव्यवस्थित वेंडिंग जोन के रूप में विकसित किया जाए तथा सुरक्षा एवं सौंदर्यीकरण की दृष्टि से इसके किनारों पर रेलिंग









स्थापित कराई जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने मिशन कंपाउंड के सामने संचालित स्ट्रीट वेंडरों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी वेंडरों का सर्वेक्षण एवं पहचान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही नवयुग योजना के अंतर्गत इस क्षेत्र में मॉडल शॉप विकसित करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने क्रिश्चियन इंटर कॉलेज के मैदान के सामने स्थित भूमि पर भी स्ट्रीट वेंडरों के लिए सुव्यवस्थित मॉडल शॉप विकसित करने के निर्देश दिए, ताकि उन्हें सुरक्षित, स्वच्छ एवं स्थायी व्यापारिक स्थान उपलब्ध कराया जा सके। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी लाल सराय क्षेत्र पहुंचे, जहां उन्होंने नजूल भूमि का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस भूमि का समुचित उपयोग करते हुए यहां मल्टीलेवल पार्किंग का विकास किया जाए तथा सब्जी विक्रेताओं के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त वेंडिंग जोन स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से यातायात व्यवस्था में सुधार होगा, अतिक्रमण की समस्या में कमी आएगी तथा नागरिकों एवं स्ट्रीट वेंडरों दोनों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रस्तावित परियोजनाओं की कार्ययोजना समयबद्ध ढंग से तैयार कर गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ उनका शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## फूलमाला पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया भाजपा नेता पं अमन मयंक शर्मा



क्यूँ न लिखूँ सच/ जनपद बदायूं गौरव क्लब,दिनेश चंद्र शर्मा स्मृति सेवा समिति एवं बदायूं गौरव महोत्सव समिति द्वारा बदायूं गौरव क्लब के संरक्षक समाजसेवी दिनेश चंद्र शर्मा की तृतीय पुण्यतिथि पर ठाकुर जी महाराज मंदिर मोहल्ला चौबे मे एक शाम समाजसेवी दिनेश चंद्र शर्मा के नाम काव्य निशा कवि सम्मेलन एवं मुशायरे एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यक्रम के अध्यक्ष शायर अहमद अमज़दी बदायूंनी, मुख्य अथिति समाजसेवी गीता शर्मा,मुख्य अथिति शायर हिलाल बदायूनी ,भाजपा नेता एवं बदायूं गौरव क्लब के मुख्य सचिव पं अमन मयंक शर्मा एवं समाजसेवी अशोक गुप्ता ने माँ सरस्वती एवं समाजसेवी दिनेश चंद्र शर्मा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।इसके उपरांत समस्त कवियों ,शायरों एवं उपस्थित जनों ने समाजसेवी दिनेश चंद्र शर्मा के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम कवियित्री सरिता चौहान ने सरस्वती वंदना का पाठ किया ।इसके उपरांत कार्यक्रम के अध्यक्ष उस्ताद शायर अहमद अमज़दी बदायूंनी ने पड़ा- उसकी हर एक बात पे करता रहा यक़ीन अहमद फरेब इसलिए खाता चला गया। भाजपा नेता एवं राष्ट्रीय कवि पं अमन मयंक शर्मा ने अपने पिता समाजसेवी दिनेश चंद्र शर्मा को नमन करते हुए पड़ा- भूल सकता नहीं मांझी की कहानी पापा। याद आती है हर इक बात पुरानी पापा जब भी होता है कभी दिल जो परिशां मेरा देख लेता हूं मैं तस्वीर तुम्हारी पापा कवि राजवीर तरंग ने पड़ा- मेरे घर की आन पिताजी, मेरे घर की शान पिताजी मिला मुझे उनसे यह जीवन, हैं मेरी पहचान पिताजी।

इसके अलावा कवि सम्मेलन एवं मुशायरे में कवि अनिल रस्तोगी कवियित्री सरिता चौहान,कवियित्री दीप्ति सक्सेना,शायर अच्छन बाबू, कवि अजीत सुभाषित,कवि विवेक यादव अज्ञानी,शायर अमान फर्रुखाबादी ने भी काव्य पाठ किया।भाजपा नेता एवं बदायूं गौरव क्लब के मुख्य सचिव राष्ट्रीय कवि अमन मयंक शर्मा,बदायूं गौरव क्लब की महिला अध्यक्ष गीता शर्मा,सहसचिव गौरव पाठक एवं समाजसेवी अशोक गुप्ता ने समस्त कवियों एवं शायरों को समाजसेवी दिनेश चंद्र शर्मा स्मृति साहित्य रत्न सम्मान से फूलमाला पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।भाजपा नेता पं अमन मयंक शर्मा ने समाजसेवी दिनेश चंद्र शर्मा स्मृति सम्मान 2025 की घोषणा करते हुए इस वर्ष का सम्मान साहित्य के क्षेत्र मे उस्ताद शायर अहमद अमज़दी बदायूंनी एवं साहित्य एवं समाजसेवा के क्षेत्र में हिलाल बदायूनी को शाल उड़ाकर ,फूलमाला पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर प्रदान किया एवं सम्मानित किया।अंत मे पं अमन मयंक शर्मा ने प्रतिज्ञा लेते हुए कहा कि वह बदायूं गौरव क्लब के संरक्षक समाजसेवी दिनेश चंद्र शर्मा की जयंती एवं पुण्यतिथि पर प्रतिवर्ष साहित्यिक,सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजन करेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम की संरक्षक गीता शर्मा,सहसचिव गौरव पाठक अंजलि मिश्रा,चर्चा पाठक,प्रज्ञा अमन मयंक पाठक, वैदिक पाठक,नियति मिश्रा,काव्या पाठक,काशी पाठक,माधुरी गुप्ता,राधा गुप्ता,अजय शर्मा,कृष्ण अवतार शर्मा,नितिन तिवारी,सुमित मिश्रा,रमेश गुप्ता,लव गुप्ता,गिरीश कश्यप,आशीष गुप्ता,राजू शर्मा

सहित सैकड़ो श्रोतागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कवि सुनील शर्मा समर्थ ने किया।

### संक्षिप्त समाचार

## पुलिस लाइन बदायूँ में नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच/ एसएसपी अंकिता शर्मा वामा सारथी के निर्देशन में पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर




एसोसिएशन के तत्वाधान में रिजर्व पुलिस लाइन, बदायूँ में नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया । वामा सारथी अध्यक्षा सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में जिला पुरुष चिकित्सालय, बदायूँ एवं जिला महिला चिकित्सालय, बदायूँ के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा पुलिस परिवारों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं उपचार सेवाएं प्रदान की गईं मेडिकल कैंप में डॉ. शिव मोहन कमल (फिजिशियन), डॉ. कुमार वासु (बाल रोग विशेषज्ञ) तथा रिजर्व पुलिस लाइन चिकित्सालय के फार्मासिस्ट श्री संजीव कुमार द्वारा पुलिस परिवारों के बच्चों एवं महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण किए गए तथा विभिन्न बीमारियों के संबंध में चिकित्सीय परामर्श एवं आवश्यक दवाइयों का नि:शुल्क वितरण किया गया । इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन बदायूँ श्री इन्द्रजीत सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण एवं उनके पारिवारिक सदस्य उपस्थित रहे ।

## थाना कादरचौक पुलिस ने मोबाइल लूटने वाले दो अभियुक्तगण को भेजा जेल

क्यूँ न लिखूँ सच/ एसएसपी अंकिता शर्मा के आदेशानुसार,अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी उझानी के पर्यवेक्षण में अपराध की रोकथाम



एवं वांछित/वारंटी अभियुक्तगण की गिरफ्तारी अभियान के अन्तर्गत आज थाना कादरचौक पुलिस द्वारा ग्राम दुर्जन नगलां चौराहे से 02 अभियुक्तगण 1.कदीर पुत्र सकील निवासी ग्राम हरेन्डी थाना उसहैत जनपद बदायूँ 2.प्रशान्त पुत्र कृष्णपाल निवासी मोहल्ला कृष्णा कालोनी कस्बा व थाना उझानी जनपद बदायूँ को मय वादी का मोबाइल वीवो टच सक्रिन सहित गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना कादरचौक पर मु0अ0सं0 182/26 धारा 317(2)/309(4) बीएनएस पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## राजकीय मेडिकल कॉलेज में घुटने की जटिल आर्थ्रोस्कोपिक सर्जरी सफल, मरीज को मिली राहत

क्यूँ न लिखूँ सच/ बदायूं राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूं के चिकित्सकों ने घुटने की एक जटिल आर्थ्रोस्कोपिक सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देकर मरीज को बड़ी राहत प्रदान की है। यह उपलब्धि



कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. शिव कुमार के मार्गदर्शन में हासिल की गई। ऑर्थोपेडिक्स विभाग की टीम ने मरीज के घुटने में लंबे समय से चली आ रही समस्या का सफल उपचार किया। सर्जरी के दौरान डायग्नोस्टिक आर्थ्रोस्कोपी, आर्थ्रोस्कोपिक मेनिस्कल रिपेयर तथा लेटरल मेनिसेक्टॉमी जैसी जटिल प्रक्रियाएं संपन्न की गईं। सर्जरी का नेतृत्व ऑर्थोपेडिक्स विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. रितुज अग्रवाल एवं सीनियर रेजीडेंट डॉ. अकरम ने किया। ऑपरेशन के दौरान घुटने के अंदर विशेष कैमरे की सहायता से क्षतिग्रस्त मेनिस्कस की जांच की गई। इसके बाद फटे हुए मेनिस्कस की मरम्मत की गई तथा क्षतिग्रस्त हिस्से को सावधानीपूर्वक हटाया गया। पूरी प्रक्रिया अत्याधुनिक आर्थ्रोस्कोपिक तकनीक से की गई। इस तकनीक से मरीज को कम दर्द, कम रक्तस्राव और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ मिलने की उम्मीद है प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. शिव कुमार ने सफल सर्जरी पर पूरी ऑर्थोपेडिक्स टीम को बधाई दी और कहा कि इस तरह की आधुनिक सर्जरी से जनपद के मरीजों को बड़े शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी।

# "The most special film of my life"; "Chandu Champion" completes two years of release; Kartik shares an emotional post

Today marks two years since the release of Kartik Aaryan's film "Chandu Champion." To mark the occasion, Kartik shared a post revealing interesting details about the film's preparation.




"Chandu Champion" was released in theaters on this day, June 14th, in 2024. Kartik underwent a remarkable transformation for the film, losing nearly 18 kilograms. His work in the film was praised. Kartik shared a post on the film's second anniversary. Find out what he wrote: "Reminded me of things I believed in" - Kartik Aaryan wrote, "Two years ago, I lived the life of a man the world had forgotten, and he reminded me of everything I believed in. I'm not sure if I can fully express it in words, but I'll try." This film isn't just about a man who refused to give up, it's about the scars that become medals and the failures that become a way to bounce back. "Hard work is nothing compared to what I've achieved," Kartik further wrote, "The 18 kilos I lost were nothing compared to what I've achieved. 'Chandu Champion' is the most special film of my life. To play Murlikant Petkar, I had to become someone I'd never been before. Waking up early in the morning, every drop of sweat, every moment of self-doubt on set... it wasn't just acting. It was real life. Chandu's story taught me that the world will laugh at your dreams before applauding them. The finish line is reached only by those who persevere and keep running." I carried this with me every day of this shoot, and to be honest, I still do. Kartik further thanked the film's director, Kabir Khan, writing, "Kabir sir, thank you for trusting me with such a wonderful story. Sajid sir, thank you for making it possible and for always being a powerhouse. Thank you to everyone behind the camera who raced with me at 5 a.m. and who pushed me to keep going when I wanted to stop." Kartik further wrote, "I can't wait to tell you what we have in store for you. Just wait a little bit... the champions will return." Despite the praise, Kartik's film didn't do well at the box office. According to data from SacNilk, it grossed around ?63.57 crore (approximately $1.35 billion). Media reports suggest its budget was around ?130-140 crore (approximately $1.4 billion).

# "Good taste in women," Kajol and Juhi tease Aamir Khan; fans share their opinions on the viral video

Aamir Khan's film "Lagaan" recently screened, and several videos are going viral on social media. Kajol and Juhi Chawla attended the event and teased Aamir Khan. A special event was



recently held to celebrate the 25th anniversary of Aamir Khan's film "Lagaan." At the event, Aamir Khan, Kajol, and Juhi Chawla were seen together after a long time. The trio's interactions and banter made the evening incredibly special. Several videos from the event are going viral on social media, leaving fans nostalgic. In this viral video, Kajol and Juhi Chawla are seen pulling Aamir Khan's leg. Kajol said, "Aamir's production has proven that he has excellent taste in films—from 'Lagaan' to the present." And yes, he has excellent taste in women too." Juhi Chawla laughingly added, "I have a lot to say about Aamir. Before he started production, when Aamir Khan did his first film with me, he was just 'AK'. And look where everyone who worked with me has reached today." Kareena Kapoor, Rekha, and Salman Khan also attended the event. Fans are loving the banter between Juhi, Aamir, and Kajol. Aamir Khan's wedding buzz: Aamir Khan is set to marry Gauri Spratt in a private ceremony on July 5th next month. The couple has decided to keep their wedding simple. It will be a registered marriage at home, attended only by family and very close friends. Aamir Khan's past relationships: Aamir Khan was first married to Reena Dutta. Even after separating in 2002, they continue to raise their children, Ayra and Junaid Khan, together. After this, in 2005, Aamir married film producer Kiran Rao, they have a son, Azad Rao Khan. They also separated in the year 2021. Now Aamir is going to marry Gauri Spratt for the third time. Aamir Khan's upcoming film - Aamir Khan is very busy in both acting and film production. Aamir Khan is producing this film 'Partition 1947' as a producer. Based on the partition of India, this film is directed by Rajkumar Santoshi. Sunny Deol is playing the lead role in this film. Apart from Sunny, Shabana Azmi, Preity Zinta and Ali Fazal will also be seen in important roles in the film. This film is expected to be released in theatres on August 14, 2026.



# Disha Patani strikes a captivating pose in a tiger print dress; netizens call her "our wild cat."

Actress Disha Patani shared stylish photos on Instagram on Sunday. She is seen in a tiger print dress. Actress Disha Patani often makes headlines for her stylish looks and beauty. Fans are impressed by her fitness. Disha celebrated her birthday on June 13th. Today, Sunday, she shared a post in which she is seen striking a bold pose. Disha is seen wearing a tiger print western dress. She has posed stylishly in various styles. Disha Patani also posed with a cat. Seeing her style, some are calling her a "lioness," while others are calling her a "wild cat." Some netizens are commenting on her post about Mouni Roy, writing, "Mouni Roy should have been in the photos." Disha and Mouni Roy are best friends. Disha's career began with the 2015 Telugu film "Lofer," in which she played the role of Mouni. Disha made her Bollywood debut in 2016 with her first Hindi film, "M.S. Dhoni: The Untold Story."